प्रशिक्षण | साड़ी पर अवरोधक छपाई एवं वस्त्र सज्जा का कार्य किया

# छात्राओं ने साड़ी पर सीखी विशिष्ट पेंटिंग



**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय मोहनलाल हरगोविंद गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय के वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग की एम.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा साड़ी पर अवरोधक छपाई का रचनात्मक कार्य किया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वस्त्र सज्जा की पारंपरिक एवं आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। इस प्रक्रिया में सबसे पहले सफेद कपड़े (साड़ी) को चयनित डिजाइन के अनुसार तैयार किया गया। जिन भागों को सफेद रखना था, उन्हें धागे की सहायता से विभिन्न आकृतियों में बांधकर अवरुद्ध किया गया। इसके पश्चात साड़ी को रंग में डुबोकर रंगाई की गई। रंगाई पूर्ण होने के बाद बंधे हुए धागों को खोल दिया गया, जिससे उन भागों पर रंग नहीं चढ़ा और शेष भागों पर आकर्षक रंग दिखाई दिया।

## बेडशीट्स को भी आकर्षक डिजाइन से सजाया


छात्राओं ने अवरोधक छपाई तकनीक के माध्यम से साड़ी पर सुंदर एवं विविध प्रकार के नमूने तैयार किए इसके अतिरिक्त छात्राओं द्वारा स्क्रीन प्रिंटिंग, स्टैंसिल प्रिंटिंग तथा ब्लॉक प्रिंटिंग तकनीकों का उपयोग करते हुए बेडशीट्स को भी आकर्षक डिजाइनों से सजाया गया। साथ ही बंधेज शैली में दुपट्टों का निर्माण भी किया गया, जो पारंपरिक कला का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह गतिविधि न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती है, बल्कि स्वरोजगार की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रकार की कला सीखकर छात्राएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं तथा अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर प्रदान कर सकती हैं। यह कार्य छात्राओं के कौशल विकास, रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा रोजगारपरक शिक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। प्राचार्य डॉ समीर कुमार शुक्ल के संरक्षण में विभागाध्यक्ष डॉ भावना शर्मा के मार्गदर्शन में विभागीय सदस्य मंजु बरखाने सहायक प्राध्यापक के द्वारा छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डॉ रीना भैरम, डॉ.रचना अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

## इनका कहना है



मैंने अपनी शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में साड़ी पर अवरोधक छपाई का रचनात्मक कार्य किया। इस दौरान मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। यह कार्य मेरे जीवन में आगे भी काम आएगा।

**निकिता दीवान**



साड़ी पर पेंटिंग करना मुझे बहुत पसंद है। अलग अलग डिज़ाइन जो सभी का मन मोह लें ! इस प्रकार की साड़ियो की बात ही अलग रहती है। महाविद्यालय में आयोजित होने वाले इस तरह के ट्रेनिंग प्रोग्राम के माध्यम से अलग-अलग विधायें सीखने में काफी मददगार रहती है।

**ऋषिता जैन**



साड़ी पर पेंटिंग करने के बाद मैंने उसे धारण किया मेरी साड़ी सबसे खूबसूरत दिख रही थी। सभी ने मेरी साड़ी को खूब सराहा। मैं भविष्य में भी और बेहतर प्रक्षिक्षण प्राप्त कर इस कला को निखारूंगी तथा मुझसे जूनियर छात्राओं को भी इस कला को सीखने के लिए प्रेरित करुंगी।

**शुभी पटेल**



# राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन

▸ विधायक व व्यापारियों में खुशी का माहौल

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा बुधवार को राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा की गई। इस अवसर पर जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने बड़े फुहारे में समस्त व्यापारिजनों को मिठाई खिलाकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर,पूर्व मंत्री शरद जैन, व्यापारी संगठन के मंजेश जैन, राजा सराफ एवं बड़ी संख्या में व्यापारी जन उपस्थित थे। आयोजन के दौरान

विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने इस दौरान कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार सदैव ही संवाद, समाधान और संभावना पर कार्य करती है और हर उस विषय को प्रत्यक्ष रूप से सुधार करने में विश्वास रखती है जो कि जनता के हितों से जुड़ा हुआ है ।

## कैट ने किया सरकार के निर्णय का स्वागत

व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा 'व्यापारी कल्याण बोर्ड' के गठन के निर्णय का कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने स्वागत करते हुए इसे एक सराहनीय एवं दूरदर्शी कदम बताया है। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेंद्र जैन एवं प्रदेश के अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन द्वारा लंबे समय से सरकार से व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की जा रही थी। वर्तमान समय में व्यापार एवं उद्योग से जुड़े लोगों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की सुरक्षा के लिए यह निर्णय अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। कैट प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल, संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता एवं कैट वरिष्ठ पदाधिकारी गोविंद दास असाटी , जबलपुर जिला अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया, जिला सेक्रेटरी संजय चड्ढा, संगठन मंत्री मनोज जसाटी उपाध्यक्ष निखिल पावा, राधेश्याम अग्रवाल, राजा सराफ, एवं अन्य सभी ने सरकार द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम की प्रशंसा की । इस मौके पर कैट प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी ने बताया कि इस बोर्ड के गठन से व्यापारियों की समस्याएं सीधे सरकार तक पहुंचेंगी तथा उनके त्वरित समाधान के लिए प्रभावी नीतिगत पहल संभव हो सकेगी।

### एक नजर में

## पौधरोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा एक सफल पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रो वर्मा ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने मातृभाषा के महत्व के साथ-साथ अंग्रेज़ी भाषा में प्रभावी संप्रेषण कौशल की उपयोगिता पर भी विचार व्यक्त किए। स्वागत उद्बोधन आदरणीय विभागाध्यक्ष डॉ. देवीलता रावत द्वारा किया गया।कार्यक्रम में विभाग के सम्मानित शिक्षकों में डॉ. हरलीन कौर रूपराह, पूर्णिमा मिश्रा, कुमारी अरसला लारेब खान एवं कुमारी अनामिका बरसैंया की उपस्थिति रही। साथ ही संस्कृत विभाग की डॉ. सरिता यादव एवं डॉ. जया शुक्ला भी उपस्थित रहीं। इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।





## गीतांजलि स्कूल द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** बुधवार को गीतांजलि स्कूल नेपियर टाउन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर स्टॉर्म संतोष राहुल की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर गीतांजलि परिवार द्वारा यह संकल्प लिया गया कि प्रत्येक वर्ष कम से कम 5 पौधे लगाए जायेगे। ताकि पर्यावरण संरक्षण अपना योगदान दिया जा सके। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य सुशील राहुल एवं शाला के समस्त स्टाफ सभी ने मैनेजिंग डायरेक्टर संतोष राहुल कोश्रद्धांजलि अर्पित कर पृक्षारोपण में भाग लिया। इस कार्यक्रम में भूतपूर्व छात्र व वर्तमान छात्रों की उपस्थिति रही।



## 75 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को दी गई टीएलएम किट

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर विकलांग सेवा भारती स्नेह नगर में एलमको के सहयोग से 75 छात्र-छात्राओं को टीएलएम ( टीचिंग लर्निंग मटेरियल) किट बांटी गई एवं जिन छात्राओं को व्हीलचेयर की आवश्यकता थी उनको व्हील चेयर प्रदान की गई । इस किट में सभी समूह के बच्चों की पढ़ाई लिखाई से संबंधित सामग्री थी जो उनके आगे बढ़ाने और पढ़ने में अत्यधिक सहयोग प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपांकर बैनर्जी पूर्व आयुक्त निशक्तजन एवं एलमको से सौरव कुमार, एहतिशामुद्दी,प्राचार्य राकेश शर्मा, सचिन प्रजापति सहित संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

# प्रदेश में सबसे सस्ती दर के स्वीमिंग पूल का महापौर ने किया शुभारंभ



**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम ने भंवरताल स्वीमिंग पूल को प्रदेश की सबसे सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया है, ताकि शहर का हर नागरिक इस सुविधा का लाभ उठा सके। इसे सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है, जिसमें पानी की सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। सर्वसुविधायुक्त स्वीमिंग पूल का बुधवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शुभारंभ किया।

महापौर के अनुसार तैराकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम ने पर्याप्त संख्या में लाइफ गार्ड्स और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की है। महापौर ने इस संबंध में अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि तैराकों के साथ व्यवहार सौम्य और मददगार होना चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आपातकालीन स्थिति के लिए स्टाफ को हमेशा तत्पर रहना होगा।

## पुरूष, महिला के लिए अलग अलग रखे गए कोच

पुरुष और महिला तैराकों के लिए अलग-अलग कोच की व्यवस्था की गई है। सुबह और शाम के अलग-अलग बैच निर्धारित किए गए हैं, जिसमें महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष समय सुरक्षित रखा गया है। नागरिक नगर निगम के निर्धारित काउंटर से अपनी सदस्यता या दैनिक पास प्राप्त कर सकते हैं। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पूल के आस-पास साफ-सफाई और अनुशासन बनाए रखने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। इस अवसर पर उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, दामोदर सोनी, अंशुल राघवेन्द्र यादव,रजनी कैलाश साहू, पार्षद सोनिया रंजीत सिंह, प्रतिभा भापकर, वर्षा मनोज सेन, अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी आदि उपस्थित रहे।



## सरस्वती शिशु मंदिर में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आगाज

**नवभारत,जबलपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज जबलपुर द्वारा के (6 से 30 मई तक) ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ बुधवार को हुआ। इस शिविर में 150 से अधिक बच्चों को भारत की लोक कला एवं विभिन्न रचनात्मक विधाओं का राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा उत्कृष्ट प्रशिक्षण देकर बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण किया जाएगा। निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 2026 में अलग-अलग विधाओं के प्रशिक्षकों द्वारा लोक नृत्य, योगा, एरोबिक्स, पेंटिंग एवं मेहंदी, संगीत एवं वादन, शास्त्रीय नृत्य, स्पोकन इंग्लिश, फाइन आर्ट ,अभिनय ,कैलीग्राफी, बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट, बॉलीवुड डांस इत्यादि विधाओं का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा में विशेष व्यवस्थापक विवेक चौधरी का रहा। इस अवसर पर प्रवीणा ,रीता गौतम, रानी शुक्ला,कांति राय , कल्पना शर्मा , विश्वकर्मा आचार्य मौजूद रहे। अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य विनीता यादव द्वारा किया गया।




## शुभ मोटर्स में नई ईको स्टार एडिशन का अनावरण

**नवभारत,जबलपुर।** शुभ मोटर प्राइवेट लिमिटेड मारुति सुजुकी अरेना में नई ईको स्टार एडिशन का अनावरण बुधवार को बेबी कुक्की परचानी एवं इंडियन बैंक के एजीएम श्री जायसवाल के द्वारा डायरेक्टर महेश केमतानी, आशीष केमतानी एवं स्पर्श केमतानी की उपस्थिति में किया गया। न्यू मारुति ईको स्टार एडिशन में गाड़ी कि सेफ्टी के साथ-साथ सुंदरता पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके ब्लू और ग्रे कलर में आगे पीछे के बंपर को गाड़ी के कलर से मैच कर दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इसमें फोग लैंप के साथ 18 अन्य एसेसरीज भी दी जा रही है। गरिमा में कार्यक्रम में सीजीएम सुयश जेठवा, जीएम अतुल शुक्ला द्वारा उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# माता मरियम अपने भक्तों को देतीं हैं सहारा : फादर फिलिप

▸ फातिमा माता मरियम की वार्षिक भक्ति नवीना का तीसरा दिन

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर में सेंट थॉमस स्कूल परिसर स्थित फातिमा की माता मरियम के तीर्थस्थल में वार्षिक भक्ति के अंतर्गत बुधवार को नौदिवसीय प्रार्थना का तीसरा दिन रहा। इस दिन पावन ख्रीस्तयाग के मुख्य याजक सेंट थॉमस चर्च ,घुघरी, मंडला के पल्ली पुरोहित श्रद्धेय फादर फिलिप ने भक्तजनों की उपस्थिति में पावन ख्रीस्तयाग अर्पित करते हुए कहा कि माता मरियम न सिर्फ अपने भक्तों पर कृपा करती हैं बल्कि उनकी आवश्यकताओं के लिए निरंतर प्रार्थना करती रहती हैं। माता मरियम एक ऐसा पावन नाम है जो सदियों से हमारे लिए मदद, सहयोग और चंगाई के लिए प्रभु यीशु से मध्यस्थता करती हैं। महिलाओं के लिए माता मरियम एक आदर्श हैं और जो लोग माता मरियम का पावन नाम लेते हैं, माता मरियम उनका सहयोग अवश्य ही करती हैं , उनका सहारा बनती हैं।


इस पावन ख्रीस्तयाग में पूर्व धर्माध्यक्ष बिशप जेराल्ड अलमेडा,फादर जूड जेम्स, फादर जेम्स संथानम एवं फादर सहाय अजील की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। वहीं सेंट थॉमस स्कूल की तथा युवा गायन मंडली ने कर्णप्रिय गीतों और भजनों की



मधुर प्रस्तुति से उपस्थित जनों को भाव विह्वल कर दिया। विदित हो कि माता मरियम के तीर्थस्थल की बेहद ही आकर्षक साज सजावट की गई है। माता मरियम के भक्त पवित्र तीर्थस्थल में विशाल संख्या में उपस्थित हो रहे हैं तथा मोमबत्ती जलाकर एवं पुष्पों को अर्पित कर के अपनी मन्नतें मांगते हुए प्रार्थना में लीन नजर आ रहे हैं।

नर्स-डे | सेवा और समर्पण का कार्य

# सीमित सुविधाओं में काम कर रहीं नर्सें, बेहतर व्यवस्था की मांग




**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर रानी दुर्गावती शासकीय चिकित्सालय में नर्सिंग स्टाफ के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां नर्सों के समर्पण और सेवा भावना को सराहा गया। लेकिन इस मौके पर नर्सों ने केवल जश्न तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि अस्पताल की व्यवस्थाएं को भी सामने रखा। नर्सों का कहना है कि अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन संसाधनों और स्टाफ की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है। कई बार सीमित उपकरण और जरूरी सुविधाओं की कमी के कारण काम करने में कठिनाई होती है, जिसका सीधा असर मरीजों की देखभाल पर पड़ता है।

### वार्डों की है कमी


नर्सिंग स्टाफ ने यह भी बताया कि अस्पताल में इसके अलावा वार्डों में बेड की कमी के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार मरीजों को इंतजार करना पड़ता है, जिससे इलाज में देरी भी होती है। नर्सों ने कहा अस्पताल में स्टाफ की भर्ती बढ़ाई जाए, आधुनिक मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए और वार्डों की क्षमता का विस्तार किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कार्य के अनुकूल वातावरण और सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया जाना जरूरी है। राष्ट्रीय नर्स दिवस के इस मौके पर जहां एक ओर नर्सों के योगदान को सम्मान मिला, वहीं दूसरी ओर उनकी समस्याओं ने स्वास्थ्य व्यवस्था की चुनौतियों को उजागर कर दिया।

## इनका कहना है



मुझे साढ़े तीन साल हो गए है नर्सिंग के कार्य में मुझे मेरी मां ने नर्स बनने के लिए प्रोत्साहित किया। हमारा प्रयास रहता है कि हर मरीज को समय पर और सही इलाज मिले।

**अंकिता उइके, नर्स**



मुझे तेरह-चौदह साल हो गए नर्सिंग के कार्य में। नर्सिंग हमारे लिए एक सेवा का कार्य है, हमें खुशी होती है जब मरीज स्वस्थ होकर जाते हैं।

**सरिता पटेल, नर्स**



## समर कैंप में जुंबा- पिकल बॉल का प्रशिक्षण

**नवभारत,जबलपुर।** महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट तथा हितकारिणी सभा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित समर कैंप में बुधवार को छात्र-छात्राओं को जुंबा एवं पिकल बाल का प्रशिक्षण शहीद स्मारक मैदान पर दिया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लेकर उक्त खेलों का अभ्यास किया। आयोजन में पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों में छात्र बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं । नियमित अभ्यास के माध्यम से छात्र अपनी प्रतिभा को निखारने में जुटे हुए हैं ,सुबह-सुबह बच्चों की सक्रिय उपस्थित उनकी खेलों में रुचि का प्रमाण है। इसके अतिरिक्त अन्य खेलों में भी छात्र-छात्राएं भाग लेकर अपनी प्रतिभा निखार रहे हैं, इसमें जुंबा बच्चों का सबसे पसंदीदा खेल बना हुआ है । वहीं विभिन्न कोचों की देखरेख में बच्चे कबड्डी ,खो खो , योग एवं वॉलीबॉल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षकों का कहना है कि नियमित अभ्यास से छात्रों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित होती है और खेलों के द्वारा छात्र अपनी शारीरिक फिटनेस तथा मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच को भी मजबूत बना रहे हैं। इसी क्रम में 7 मई को डुमना स्थित हितकारिणी इंजीनियरिंग फार्मेसी एवं डेंटल कॉलेज के महाविद्यालय के छात्रों को समर कैंप के माध्यम से जुंबा एवं मेडिटेशन का प्रशिक्षण सुबह 11 बजे से दिया जाएगा।